भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3041

जिसका उत्तर 06.08.2026 को दिया जाना है

मंडी उत्तरी बाईपास परियोजना की स्थिति

†3041. सुश्री कंगना रनौत:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हिमाचल प्रदेश में मंडी उत्तरी बाईपास परियोजना के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) परियोजना की कुल स्वीकृत लागत कितनी है, साथ ही इसकी भौतिक और वित्तीय प्रगति क्या है और विलंब, यदि कोई हो, के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने मंडी शहर में भीड़ कम किए जाने और कुल्लू, मनाली, लाहौल-स्पीति और निकटवर्ती क्षेत्रों से संपर्क में सुधार किए जाने पर परियोजना के अपेक्षित प्रभाव का आकलन किया है;

(घ) सुरंगों, पुलों और उपागमन सड़क सहित लंबित कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(ङ) क्या सरकार का भीड़-भाड़ वाले दूसरे पहाड़ी कस्बों में भी ऐसी ही बाईपास परियोजनाएँ शुरू करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क), (ख) और (घ) मंडी बाईपास हिमाचल प्रदेश राज्य में एनएचडीपी चरण-IVबी के तहत ईपीसी मोड पर एनएच-21 के नेरचौक-पांडोह खंड (पैकेज-I) के किमी 190,000 से किमी 221,305 (डिजाइन लंबाई: 26,290 किमी) तक के चार लेन के निर्माण की परियोजना का हिस्सा है।

उक्त परियोजना पूर्ण हो चुकी है और इसका अनंतिम समापन प्रमाण पत्र (पीसीओडी) 27.09.2024 को जारी किया गया था। मंडी शहर और उसके आसपास के क्षेत्र में यातायात जाम कम करने के लिए शुरू की गई परियोजना का विवरण नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	एनएच सं.	खंड	लंबाई (किमी में)	लागत (करोड़ रुपये में)	भौतिक प्रगति (%)	समय-सीमा में संशोधित की गई समापन तिथि	टिप्पणियां
1	21	नेरचौक- पंडोह (किमी. 190.000 से किमी. 221.305)	26.29	554.79	100	पूर्ण हो गया	

2	70	हमीरपुर-कर्णोहल (किमी 141,000 से किमी 181,000 तक)	40	223.272	93	31.10.2026	
3	70	कर्णोहल-कलवाहन (किमी 181,000 से किमी 208,950 तक)	27.95	141.00	**58**	31.03.2027	
4	70	कलवाहन-मंडी (किमी 208.950 से किमी 250.592 तक)	41.64	189.09	**73**	31.12.2026	मंडी कस्बे में एनएच-03 के एकल (सिंगल) लेन मंगवेन खंड (2.6 किमी) को बाईपास करने के लिए लगभग 1.3 किलोमीटर के हिस्से का पुनर्संरेखण किया जाना है।
5	20 (नया एनएच-154)	बिजनि से मंडी	5.35	1314.83	**35**	13.09.2027	

(ग) मंडी बाईपास और अन्य परियोजनाओं ने मंडी कस्बे से यातायात को दूसरी ओर मोड़कर(डायवर्ट) यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार किया है, जिससे क्षेत्र में भीड़भाड़ कम हुई है। इस परियोजना से यात्रियों के लिए यात्रा का समय, सड़क सुरक्षा और सवारी की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

इससे कुल्लू, मनाली, लाहौल-स्पीति और आसपास के क्षेत्रों से संपर्क बढ़ा है, साथ ही पर्यटक और वाणिज्यिक यातायात की सुगम आवाजाही सुनिश्चित हुई है और राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की समग्र परिचालन दक्षता में सुधार हुआ है।

(इ) सरकार देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण/विकास के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर)/प्रस्ताव प्राप्त करती/तैयार करती रहती है। परियोजना कार्यान्वयन और निवेश संबंधी निर्णय डीपीआर के परिणाम, कनेक्टिविटी की आवश्यकता, यातायात घनत्व, प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल आदि के आधार पर लिए जाते हैं।

*****